भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2561

11 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

जन स्वास्थ्य में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा का संवर्धन

2561. श्री महेंद्र भट्ट:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान जन स्वास्थ्य में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए संचालित किए गए राष्ट्रीय कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) इन कार्यों पर किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है तथा इसके तहत लाभान्वित लाभार्थियों की अनुमानित संख्या कितनी है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): आयुष मंत्रालय व्यापक सार्वजनिक पहुंच के लिए विभिन्न जागरूकता गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन करके चिकित्सा की आयुष पद्धतियों को बढ़ावा देने और प्रचार करने के लिए सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) योजना को लागू करता है। इस योजना के तहत, मंत्रालय योग और प्राकृतिक चिकित्सा सहित आयुष की सभी पद्धतियों का प्रतिनिधित्व करने वाले राष्ट्रीय/राज्य स्तर के आरोग्य मेलों का आयोजन करता है, योग उत्सवों का आयोजन करता है और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जो प्रतिवर्ष 21 जून को मनाया जाता है, सहित आयुष पद्धति के महत्वपूर्ण दिवसों का आयोजन करता है। इसके अलावा, प्राकृतिक चिकित्सा के सिद्धांत और अभ्यास एवं स्वस्थ जीवनशैली और कल्याण को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रति वर्ष 18 नवंबर को प्राकृतिक चिकित्सा दिवस मनाया जाता है। योग और प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किए गए राष्ट्रीय कार्यक्रमों और उन पर हुए व्यय का विवरण **संलग्नक** पर दिया गया है। इन कार्यक्रमों के तहत लाभार्थी केवल शारीरिक भागीदारी तक ही सीमित नहीं हैं, क्योंकि यह विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शारीरिक भागीदारी और डिजिटल पहुंच दोनों के माध्यम से लाभार्थियों को शामिल करता है, जिससे व्यापक सार्वजनिक पहुंच सुनिश्चित होती है।

*****

संलग्नक

योग और प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए आयोजित कार्यक्रमों पर हुए व्यय का विवरण निम्नानुसार है:-

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस		
क्र.सं.	**वित्तीय वर्ष**	**किया गया व्यय (करोड़ में)**
1.	2023-24	24.16
2.	2024-25	16.45
3.	2025-26	57.38
राष्ट्र स्तरीय आरोग्य मेला		
4.	2023-24	3.60
5.	2024-25	0.90
6.	2025-26	1.80
राज्य स्तरीय आरोग्य मेला		
7.	2023-24	0.35
8.	2024-25	1.02
9.	2025-26	0.70
योग पर्व/मेला		
10.	2023-24	-
11.	2024-25	0.29
12.	2025-26	0.20
प्राकृतिक चिकित्सा दिवस		
13.	2023-24	1.33
14.	2024-25	0.23
15.	2025-26	0.60